17-Jun- Jash-Bhoomi pg-1_Layout 1 6/17/2024 8:07 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 18 जून 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 32.2 डिग्री

4

## नौघटा में 30 लाख के कार्यों का ओपी ने किया लोकार्पण



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

### बगीचा थाने के ग्राम सेमरजोबला का मामला

# निर्माण कार्य के दौरान पुल से गिरा ट्रैक्टर, चालक व मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा थाना के अंतर्गत आने वाले सामरबार के आश्रित गांव सेमरजोबला में सड़क निर्माण में लगे एक ट्रैक्टर पुलिया से नीचे गिर जाने पर चालक सहित एक मजदूर की मौत हो गई है।

■ मृतक चालक व मजदूर पश्चिम बंगाल के निवासी

घटना 16 जून रविवार की शाम की है। पूरा मामला बगीचा ब्लॉक के ग्राम सामरबार के आश्रित ग्राम सेमरजोबला के पास घटी है। जिस जगह पीएमजीएसवाई योजना के तहत सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था सड़क पर निर्माणाधीन एक पुलिया हेतु सेंट्रिंग का सामान लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर का संतुलन खड़ी ढलान पर अचानक बिगड़ गया। जिसे चालक नहीं संभाल सका जिससे ट्रैक्टर पुलिया के नीचे जा गिरा। इस दुर्घटना में घटना स्थल पर ही चालक और मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों ही चालक और मजदूर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के है।



पुल से नीचे गिरा पड़ा ट्रैक्टर।

### सभी तथ्यों की जांच की जा रही

घटना रविवार शाम लगभग 7-8 बजे की है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा पोटमार्टम की कार्रवाई की है, साथ ही परिजनों को भी सूचित किया गया है, तमाम तथ्यों को सामने रख जांच की जा रही है।

**विनित पांडेय**, थाना प्रभारी बगीचा

## उपार्जन केंद्र से 40 लाख रुपए के धान का गबन, एफआईआर दर्ज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के भंवरमाल स्थित धान उपार्जन केंद्र में खरीदी प्रभारी द्वारा 40 लाख रुपए के धान गबन का मामला सामने आया है। धान खरीदी प्रभारी द्वारा समिति में 1281.60 क्विंटल धान का उठाव नहीं कराया गया और अब समिति में भी धान का एक दाना भी मौजूद नहीं है। ऐसे में सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा जांच उपरान्त मामले की शिकायत रामानुजगंज पुलिस से की गई थी। शिकायत उपरान्त पुलिस ने खरीदी प्रभारी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के रामानुजगंज अंतर्गत भंवरमाल धान उपार्जन केंद्र में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी का कार्य खरीदी प्रभारी महेश्वर गुप्ता आ. रामलाल साव, अनुज सिंह आ. भृगनाथ सिंह, कृपाशंकर गुप्ता आ. दुखी प्रसाद गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमीरचंद आ. रामेश्वर सिंह व जुरेश आलम द्वारा किया गया। इस दौरान उपार्जन केंद्र में धान शॉर्टेज की बात सामने आई जिसके बाद सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक आरएन पैकरा द्वारा सहकारी निरीक्षक अखिलेश दास से मामले की जांच कराई गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि खरीदी प्रभारी अनुज सिंह एवं कृपाशंकर द्वारा कुल 39424.80 क्विंटल धान क्रय किया गया।



# चचेरे भाई के दशगात्र में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को अपने गृह जिले के ग्राम बन्दरचुंआ पहुंचे। यहां वे अपने चचेरे भाई एवं जशपुर नगर पालिका के अध्यक्ष स्व. नरेश चंद्र साय के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। सपत्नीक उनके घर पहुंचकर मुख्यमंत्री साय ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से पार्थना की। मुख्यमंत्री ने सभी परिजन से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि स्व. नरेश चंद्र साय मेरे चचेरे भाई और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. नरहरी साय जी के पुत्र थे। आज वे हमार बीच नहीं है यह हमारे लिए दुःखद क्षण है। इस दुःख की घड़ी में मैं यहां आकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से पार्थना की है। स्व. नरेश चंद्र जी जशपुर नगर पालिका के अध्यक्ष थे। जनप्रिय नेता स्व. नरेश क्षेत्र के विकास के लिये सदैव समर्पित रहते थे। 06 जून को मुख्यमंत्री के चचेरे भाई एवं जशपुर नगर पालिका के अध्यक्ष नरेश चंद्र साय का निधन हो गया था।

■ तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## खबर संक्षेप

### चार पहिया वाहन, मोटर सायकल व सायकल की होगी नीलामी

**जशपुरनगर।** थाना प्रभारी जशपुर ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए धारा 28 पुलिस एक्ट के तहत 03 नग जब्त विभिन्न कम्पनी व मॉडल के चार पहिया वाहन, 36 जब्त विभिन्न कम्पनी व मॉडल के मोटर सायकल तथा 11 नग सायकल को नीलाम करने हेतु निवेदन किया गया है। उपरोक्त मामले की सुनवाई अनुविभागीया दंडाधिकारी जशपुर न्यायालय में 24 जून को नियत किया गया है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त वाहन एवं सायकल के मालिकाना हक के संबंध में दावा-आपत्ति पेश करना है, तो स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** उदयपुर पुलिस ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान दरिमा निवासी अभय सिंह से वर्ष 2022 में सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। इस दौरान दोनों फोन पर बात करते थे। आरोपी युवक 10 अप्रैल 2022 को उसे रामगढ़ घूमने आने के बहाने उसके घर पहुंचा शादी का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। अब जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया ऐसे में उसने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2-ढ ), 313 के तहत अपराध दर्ज कर दरिमा निवासी 25 वर्षीय अभय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना उदयपुर से सउनि दिलीप दुबे , प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, महिला आरक्षक प्रियंका तिर्की, आरक्षक कासीम अंसारी, देवेंद्र सिंह शामिल रहे।

### खिड़की के रास्ते घुसकर चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सूने मकान में घुसकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने घर में खिड़की के रास्ते घुसकर मोबाइल फोन व नगद रुपए पार कर दिया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त औजार व मोबाइल फोन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि बतौली निवासी आशीष कुमार गुप्ता 11 जून को पारिवारिक कार्य से परिवार के साथ सूरजपुर के भटगांव गया हुआ था। 14 जून को जब वह वापस लौटा तो देखा कि घर का मुख्य द्वार व दरवाजों का ताला टूटा हुआ है और घर की आलमारी में रखा 53 हजार रुपए नगद सहित एक पुराना आईफोन मोबाइल गायब था। युवक द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत की जांच उपरान्त पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व संदेह के आधार पर बतौली के खालपारा झरगवां निवासी 19 वर्षीय अजय पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने 13 जून की रात घर के पीछे की दीवाल फांदकर अंदर घुसने और लोहे के मजबूत चाकू से खिड़की के स्क्रू को खोलकर खिड़की से घर में प्रवेश करने की बात स्वीकार की।

# भीषण गर्मी में बीत रहा जून, निकल रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जून का पहला पखवाड़ा समाप्त होते ही जशपुर क्या पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून की धमक दिखाई देती थी। लेकिन इस वर्ष 15 जून बिताने के बाद भी लोगों के पसीने छूट रहे हैं।

पिछले सालों में इस मौसम में लोग बरसात से बचने के लिए छतरी का इस्तेमाल करते थे अभी लोग धूप से बचाने के लिए छतरी का इस्तेमाल कर रहे हैं। अप्रैल और मई में ज्यादा गर्मी नही पड़ी क्योंकि लगभग हर सप्ताह में एक दो दिन बारिश हो जाती थी। आम तौर पर 15 जून तक मानसून छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो जाता था,लेकिन केरल से मानसून आने के बाद भी छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय नहीं हो पाया है। पड़ने वाली गर्मी के कारण लोग हलाकान हो रहे है।



धूप से बचने छतरी का उपयोग करतीं लड़कियां।

### किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

मानसून के आने में देरी के कारण किसानों की माथे पर चिंता की रेखाएं खींचनी शुरू हो गई है। जशपुर से लगे एचकेला के किसान प्रकाश राम का कहना है,कि मानसून के देर से आने के कारण किसानी के सभी काम में देरी होती है। अगर फसल देर से लगेगी तो कटाई में भी देरी होती है। अगर बीच में मानसून धोखा दे देता है तो हम गरीब किसानो का पूरा साल ही चौपट हो जाता है। क्योंकि हम लोग केवल खरीफ की फसल लेते है पूरी तरह से मानसून पर निर्भर है। मानसून का लेट होना चिंता का विषय तो है ही।

# बंजारा समाज: अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

रायगढ़-जशपुरनगर क्षेत्र में निवासरत बंजारा समाज के नये अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसमें रायगढ़-जशपुर सहित उड़ीसा क्षेत्र के बंजारा समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

15 दिवस पूर्व ही बंजारा समाज के रायगढ़ जशपुर परिक्षेत्र के सभी सामाजिक बंजारा बन्धु एकत्रित हो कर किलकिला के राम जानकी मंदिर में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए कोतबा निवासी नंद कुमार नायक,उपाध्यक्ष पद के लिए हथगड़ा निवासी कमल बंजरा,सचिव पद के लिए मेंडेर निवासी श्याम कुमार बंजारा,सह सचिव लक्ष्मण सिंह बंजारा,वही कोषाध्यक्ष रवि नारायण बंजारा मुड़ागांव,सह कोषाध्यक्ष रण विजय बंजारा तिलडेगा को दायित्व सौंपा गया था। रविवार को समाज के अध्यक्ष नन्द कुमार नायक के घर में शपथ ग्रहण समारोह में किलकिला परिक्षेत्र के बंजारा सामाज बन्धु शामिल हुए। जिसमे बागबहार, हथगड़ा, बुटराबहार, तिलडेगा, कोड़ासिया, मोहलाई, कनका(हिमगिर),सहित विभिन्न ग्रामों के सामाजिक बन्धु सम्मिलित को कर कार्यकारिणी को पद की शपथ ग्रहण करा कर सामाजिक गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम से पूर्व बंजारा समाज के आराध्य देव संत सेवालाल महराज व इष्टदेव ⏭ शेष पेज 4 पर



नवनियुक्त अध्यक्ष का गुलदस्ते से स्वागत करते समाज के सदस्य।

### अपने कर्तब्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन करूँगा: नायक

समाज के द्वारा दिए गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा भाव से निर्वहन करने की बात नव पदस्थ बंजारा समाज परिक्षेत्र किलकिला के अध्यक्ष नन्द कुमार नायक ने कही शपथ ग्रहण करने के बाद अपने प्रति समाज का आत्मीयता देख सभी का आभार प्रकट करते हुए सामाजिक बंधुओं को कहा की सामाजिक कर्तव्य मानव जीवन का सबसे बड़ा कर्तव्य हैं कर्तव्य परायण का अर्थ कर्तव्य के प्रति आदर भाव रखना होता है। मानव को यथाशक्ति और आवश्यकतानुसार कार्य करना ही उसके कर्तव्य परायण होने की पहचान है। मानव जीवन कर्तव्यों का भंडार है। उसके कर्तव्य उसकी अवस्था अनुसार छोटे और बड़े होते हैं। इनको पूर्ण करने से जीवन में उल्लास, आत्मिक शांति और यश मिलता है।

## अंधत्व निवारण कार्यक्रम में मोतियाबिंद के 36 मरीजों का किया गया ऑपरेशन



ऑपरेशन के बाद बैठे नेत्रों के मरीज।

**पत्थलगांव ।** अंधत्व निवारण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ आरएस पैंकरा एवं खंड चिकित्सा अधिकारी पत्थलगांव डॉ जेम्स मिंज के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में मोतियाबिंद के 36 व टए रीजियम के एक मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। मरीजों का ऑपरेशन सर्जन डॉ.रजत टोप्पो नेत्र रोग विशेषज्ञ मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर एवम डॉ अनिता मिंज नेत्र रोग विशेषज्ञ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव द्वारा किया गया। टीम में स्टाफ नर्स सिस्टर चंद्रा, सिस्टर प्रेरणा, सिस्टर गीता, सिस्टर जीवनलता तथा नेत्र सहायक अधिकारी उमेश डनसेना, देव चौधरी, सुनीता नाग एवम वार्ड बॉय मोहन यादव शामिल थे। मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन हेतु अस्पताल तक लाने में ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, मितानिनों के प्रशिक्षक एवम मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गला रेतकर हत्या करने वाला दोस्त गिरफ्तार

**लखनपुर।** पुलिस ने युवक की हत्या के सनकी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी इस बात से नाराज था कि मृतक उसे नशेड़ी बोलकर लोगों के सामने चिढ़ाता था। बता दें कि बाजारपारा निवासी मुकेश यादव का शव कुंवरपुर लाटरी जाने वाली नहर की पुलिया पर मिला था। युवक का गला कटा हुआ था और पेट की अतड़ियां बाहर निकली हुई थी। इस मामले की शिकायत मृतक के भांजा दरिमा निवासी बृजेश कुमार यादव ने पुलिस से की थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मृतक को अंतिम बार मोहल्ले के नीरज साहू के साथ देखा गया था। पुलिस ने 25 वर्षीय नीरज साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और पुलिस को बताया कि मृतक मुकेश उसका दोस्त था लेकिन वह उसे नशेड़ी कहकर सबके सामने नीचा दिखता था और नशा मुक्ति केंद्र में रहने को लेकर उसे चिढ़ाता। था ऐसे में उसने युवक की हत्या की योजना बनाई और 15 जून की सुबह वह घर से फावड़ा का बेट, चाक़ू लेकर निकला और मुकेश यादव को खोजने के लिए उसके घर गया था लेकिन मृतक अपने घर पर नहीं मिला।

■ पुलिस ने जब्त किया हत्या में प्रयुक्त चाकू, फावड़ा का बेट



खोजने पर मुकेश यादव उसे बस्ती में घूमता मिल गया जिसके बाद आरोपी उसे बाइक पर बिठाकर नहर पुलिए के पास ले गया और फावड़ा के बेट से सिर पर वार किया और जब युवक जमीन पर गिर गया तो चाकू से गला रेतकर पेट में चाकू से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना के प्रयुक्त फावड़ा का बेट, चाकू, मोबाइल फोन, बाइक जब्त कर धारा 302 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# हाथियों ने तीन घरों में की तोड़फोड़ खा गए घर में रखा अनाज

**मैनपाट।** बीती रात हाथियों ने ग्राम कंडराजा में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने गांव के तीन घरों में तोड़फोड़ मचाया एवं घर में रखा अनाज खा गए। मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में 9 हाथियों का दल लम्बे समय से भ्रमण कर रहा है वहीं कुछ समय से जशपुर की ओर से आए 3 हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में घूम रहे है। बीती रात शाम ढलते ही हाथियों का दल ननाईडांड पहुंचा तथा घरों को घेरकर तोड़फोड़ मचाने लगा। इस दौरान ग्रामीणों ने किसी तरह सुरक्षित स्थानों पर भागकर अपनी जान बचाई।

हाथियों ने पहले धनेश्वर आ.घुरऊ मांझी के घर में तोड़फोड़ की तथा घर में रखा अनाज खा गए। धनेश्वर के घर में तोड़फोड़ मचाने के बाद हाथियों ने बारी-बारी से सुखना पिता मंगलसाय मांझी एवं राजकुमार पिता बुधई यादव के घरों में तोड़फोड़ की तथा घर में रखा अनाज खा गए। सूचना पर सुबह पहुंचे वनकर्मियों ने क्षति का जायजा लिया एवं शीघ्र मुआवजा भुगतान की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वनकर्मियों ने बतायाव कि 9 हाथियों का दल वापस कापू जंगल में चला गया है जबकि 3 हाथी बरवाली जंगल में मौजूद है। वन अमला ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने के लिए जागरूक कर रहा है। बीच-बीच में हाथियों का दल आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहा है जिससे ग्रामीण काफी भयभीत है।

### स्टेट हाईवे के किनारे सड़क निर्माण में बाधा

# तपकरा में बन रही नाली नागरिकों व प्रशासन के लिए बनी गले की हड्डी

**जशपुरनगर।** जिले के तपकरा में स्टेट हाईवे के किनारे बर्बरीक कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण ग्रामीणों और पीडब्लूडी के अधिकारियों के लिए मुसीबत बन गई है। स्टेट हाईवे के निर्माण के बाद स्टेट हाईवे के किनारे नाली का निर्माण किया जाना है। इसी क्रम में कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा मदरसा स्कूल से लेकर एसबीआई से थोड़ा पीछे तक नाली की खुदाई की जा रही है, लेकिन शनिवार को अचानक नाली निर्माण का काम रोक दिया गया।

कंस्ट्रक्शन कम्पनी के कर्मचारी सागर सिंह ने बताया कि बसंत गुप्ता के द्वारा काम को बंद करा दिया गया है। इनके द्वारा 4 माह पहले भी नाली निर्माण कार्य का विरोध किया गया था। जिस पुलिया के नीचे नाली के पानी की निकासी होनी है, उस पूल को पूरी तरह मिट्टी से ब्लॉक भी कर दिया गया। इसको लेकर कई दफा ग्रामीणों की बैठक भी बुलाई गई और विवाद सुलझाने की कोशिश की गई लेकिन विवाद है,कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। शनिवार को जब दुबारा यहां काम शुरू किया गया तो बसंत गुप्ता द्वारा फिर से काम बंद करवा दिया गया। बताया जा रहा है कि जिस पुलिया के नीचे नाले के पानी निकासी होनी है,उस पुलिया के नीचे की पूरी जमीन स्थानीय व्यक्ति का है,और जमीन मालिक होने के नाते जमीन मालिक का कहना है, कि वह जमीन खराब होने देने के पक्ष में नहीं हैं। लेकिन नाली नहीं बनने के चलते आने वाले वक्त में होने वाली परेशानियों को लेकर सड़क किनारे बसे लोगो की चिंता बढ गयी है। इनका कहना है कि मानसून सिर पर है और कभी भी बारिश शुरू हो सकती है ऐसे में अगर नाली का निर्माण नहीं कराया गया तो विकराल स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पीडब्लूडी के एसडीओ श्री भोय ने बताया कि कुछ स्थानीय लोगो के द्वारा फरसाबहार एसडीएम तक मामले को पहुंचाया गया था, इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर काम शुरू किया गया था। लेकिन जमीन मालिक किसी भी सूरत में नाली निर्माण के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि इसी विवाद के चलते अबतक नाली का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। और अब निर्माण कम्पनी की अवधि भी समाप्त हो चुकी है । बताना जरूरी है कि 3 माह बारिश के दौरान कई घरों में बारिश का पानी घुसने लगा था तब कुछ महिलाओं ने रात को ही स्टेट हाईवे के बीचों बीच धरना देकर चक्का जाम कर दिया था। महिलाओं के विरोध के बाद अगले दिन नाली निर्माण के लिए सड़क किनारे दर्जनों बेजा कब्जा को तोड़ दिया गया और नाली निर्माण का काम शुरू किया गया। तब भी इन्हीं जमीन ⏭ शेष पेज 4 पर



तपकरा में अधूरी नाली का निर्माण।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण रुकावट की एसडीएम से शिकायत

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा मुख्यमार्ग से पेटा कोरवा बस्ती तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनाने वाली सड़क में रुकावट डालने के खिलाफ बगीचा एसडीएम के समक्ष पेटा के रहवासियों ने शिकायत की है। उनका कहना है कि हम पिछले तीन पीढ़ियों से बने कच्चे रास्ते से आना जाना करते है उसी सड़क पर पीएमजीएसवाय द्वारा सड़क निर्माण किया जा रहा है। लेकिन विपिन सिंह द्वारा रास्ते को खोदकर निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रही है। हम चाहते है की सड़क निर्माण उसी रास्ते पर किया जाए।



### हमारी निजि संपत्ति है जमीन

इस मामले में विपिन सिंह का कहना है कि उपयुक्त जमीन हमारी निजी संपत्ति है हम जमीन के बीच में सड़क कैसे बनाने की अनुमति दे सकते हैं। हम 2 मई को ही जिला कलेक्टर जशपुर को इस बाबत सूचित कर चुके हैं। विभाग के इंजीनियर और एसडीएम दोनो ही मौके का मुआवना कर चुके है और हमारी बात से सहमत भी है।

**-विपिन सिंह**, जमीन मालिक

17 -June- Jash-Bhoomi pg-2-a_Layout 1 6/17/2024 7:47 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# छप्परफाड़ कमाई को तैयार है रेनॉल्ड की डेडपूल एंड वूल्वरिन

ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड अभिनीत फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन लंबे समय से चर्चा में है। इस फिल्म का इंतजार दुनियाभर के दर्शकों को है। इस बीच फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिलीज के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक डिज्नी/ मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म पहले सप्ताहांत में 20 करोड़ डॉलर से 23.9 करोड़ डॉलर तक के बीच कमाई कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कमाई का यह अनुमान द कोरम ने लगाया है जो छह सप्ताह पहले से ही फिल्म की ट्रैकिंग शुरू कर देता है। द कोरम के यह आंकड़े वाकई हैरान कर देने वाले हैं, क्योंकि कोई भी आर-रेटेड फिल्म ने अब तक पहले वीकएंड में 20 करोड़ डॉलर की कमाई नहीं की है। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म डेडपूल है। यह फिल्म साल 2016 में फरवरी के महीने में रिलीज हुई थी। इसने पहले सप्ताहांत में 13.24 करोड़ डॉलर की कमाई की थी। अगर फिल्म इन आंकड़ों के मुताबिक कमाई करती है तो यह सबसे तगड़ी ओपनिंग करने वाली शीर्ष पांच फिल्मों में आसानी से शामिल हो जाएगी। इस सूची में पहले नंबर पर एवेंजर्स एंडगेम है।इस लिस्ट में फिलहाल एंडगेम (35.7 करोड़ डॉलर) के अलावा स्पाइडर-मैनः नो वे होम (26 करोड़ डॉलर), एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर (25.7 करोड़ डॉलर), स्टार वार्सः द फोर्स अवेकेंस (24.7 करोड़) और स्टार वार्सः द लास्ट जेडी (22 करोड़) जैसी फिल्में शामिल हैं। डेडपूल एंड वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन शॉन लेवी ने किया है।

### टॉलीवुड

# भारत का सबसे बड़ा गाना घोषित हुआ 'भैरव एंथम'

प्रभास इस महीने अपनी बहुप्रतीक्षित डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के साथ बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार हैं। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। निर्माताओं ने महीने की शुरुआत में दिलजीत दोसांझ और प्रभास को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के पहले सिंगल की घोषणा की थी। अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के पहले गाने 'भैरव एंथम' का प्रोमो जारी कर दिया गया है। फिल्म की टीम ने इसे भारत का सबसे बड़ा गाना करार दिया है। 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज में सिर्फ एक हफ्ता बचा है और फिल्म की टीम ने रविवार को फिल्म का पहला गाना 'भैरव एंथम' रिलीज किया है। इसी बीच निर्माताओं ने 21 सेकेंड लंबा एक प्रोमो जारी किया, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया। यह जोशीला नंबर टीम कल्कि की ओर से अब तक सामने आई सभी प्रचार सामग्री के साथ मेल खाता है। दिलजीत ने संतोष नारायणन द्वारा रचित एक पंजाबी प्रमोशनल नंबर के लिए गाना गाया, जिसमें वह और प्रभास साथ में स्क्रीन साझा करते नजर आ रहे हैं। सामान्य मार्ग पर जाने के बजाय, नाग दर्शकों को फिल्म के लिए बनाई गई दुनिया से परिचित करा रहे हैं। प्रभास के चरित्र भैरव और अमिताभ बच्चन के चरित्र अश्वत्थामा को पेश करने के अलावा, उन्होंने बुज्जी नामक एक एआई ड्रॉइड भी पेश किया है, जिसे तेलुगु में कीर्ति सुरेश ने आवाज दी है। 'कल्कि 2898 एडी' की टीम ने आनंद महिंद्रा और सिएट की मदद से फिल्म के लिए बनाए गए कस्टम-निर्मित वाहन को दिखाने के लिए हैदराबाद में एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया। प्रभास ने एक कार्यक्रम में गाड़ी चलाई, जिसमें प्रेस और प्रशंसक उपस्थित थे। बाद में, नागा चैतन्य और F1 रेसर नारायण कार्तिकेयन ने भी वाहन चलाकर दर्शकों का दिल जीता।



### भोजपुरी

# नम्रता का वीडियो हुआ जमकर वायरल, उड़ा दिए सबके होश

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने भोजपुरी गाने पर कमाल का डांस किया है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें वो अपने लटके-झटके दिखा रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेसेस अपने डांस वीडियो से हर किसी का दिल बहलाती रहती हैं। खासकर नम्रता मल्ला के वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें एक भोजपुरी गाने पर उन्होंने कमाल का डांस किया और उनका ये डांस फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। नम्रता मल्ला के लटके-झटकों को देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं। इंटरनेट पर भोजपुरी गाने हमेशा गर्दा उड़ाते हैं लेकिन जब कोई भोजपुरी एक्ट्रेस उसपर परफॉर्म करते हुए वीडियो शेयर करती हैं तो उसकी बात ही अलग हो जाती है। नम्रता मल्ला की नई रील सामने आई है जिसे खूब तारीफें मिल रही हैं। नम्रता मल्ला ने ये वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। नम्रता ने जिस गाने पर डांस किया है उसका नाम 'पिंजरे वाली मुनिया' है। वीडियो तैयार करने वाली टीम का दावा है कि इस गाने में नम्रता के लटके-झटके देखकर दर्शकों का एक वर्ग अपना होश खो देगा। ब्लैक आउटफिट में एक्ट्रेस काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में नम्रता मल्ला वीडियो के लिए काफी पॉपुलर हैं।



## शगुन की हरियाली

उत्तरी अमेरिका फैशन वीक (एनएएफडब्ल्यू) में डिजाइनर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन तारीफ के काबिल रहा है। यहां शगुन ने अपनी मॉडल को हरियाली के संदेश के साथ रैम्प पर उतारा। एनएएफडब्ल्यू एक प्रेरणादायक और बहुचर्चित फैशन शो है, जो व्यापार शो, मीडिया कार्यक्रमों, सनसनीखेज पैनल चर्चाओं, शैक्षिक सेमिनारों और कार्यशालाओं से भरपूर रहता है। ऐसे मंच पर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन दर्शकों को खूब पसंद आया।



लाइफ स्टाइल

# बैक ब्लाउज के ट्रेंडी डिजाइंस आपको देंगे स्टाइलिश लुक

वैसे तो आपको साड़ी के कई डिजाइंस ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन मार्केट तक में मिल जाएंगे, लेकिन साड़ी कितनी भी सुंदर क्यों न हो लुक को खास बनाने के लिए ब्लाउज के डिजाइन का बेहतरीन होना जरूरी होता है। इसलिए कहा जाता है कि ब्लाउज के डिजाइन पर भी ध्यान देना चाहिए। ब्लाउज के लिए फ्रंट के साथ-साथ बैक दोनों डिजाइन ही मायने रखते हैं।

अगर आप साड़ी के साथ पहनने वाले ब्लाउज के लिए आज के जमाने का डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो आज हम आपके लिए कुछ बेहद ही खूबसूरत बैक ब्लाउज के डिजाइन लेकर आए हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### स्ट्रैप बैक डिजाइन ब्लाउज

आजकल मॉडर्न और बोल्ड लुक पाने के लिए आपको मार्केट में कई स्ट्रैप वाले ब्लाउज डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे। बता दें कि अगर आप इस तरह का ब्लाउज सिल्वा रही हैं तो फैब्रिक के लिए हैवी वर्क वाले डिजाइन को चुन सकती हैं। इसके अलावा आप गोटा-पट्टी लेस की मदद लेकर भी स्ट्रैप बनवा सकती हैं।



### डोरी बैक डिजाइन ब्लाउज

बड़े गले पहनना पसंद करती हैं तो सपोर्ट के लिए डोरियों का इस्तेमाल ब्लाउज पर किया जाता है, लेकिन इसके बाद अब ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए डोरी का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं ब्लाउज को आकर्षक बनाने के लिए आप डोरियों में हैवी लटकन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

चूड़ी स्टाइल बैक डिजाइन - सबसे अलग डिजाइन का ब्लाउज पहनना चाहती हैं तो इस तरह से चूड़ी की मदद लेकर भी ब्लाउज का बैक डिजाइन बनवा सकती हैं। आप चाहे तो चूड़ी की जगह पर कपड़े की मदद लेकर लूप्स भी बनवा सकती हैं। इसके अलावा आप अपनी मर्जी के बैक डिजाइन ब्लाउज का शेप चुन सकती हैं।

### वी-नेक बैक डिजाइन ब्लाउज

इस तरह का डिजाइन खासकर चौड़े कंधे वालों पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस तरह के ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह का डिजाइन आपके लुक को बोल्ड बनाने में मदद करेगा।

# ईद पर दिखाना है अलग अंदाज तो इन अभिनेताओं के लुक से लें टिप्स



फैशन

हर साल ईद उल फितर के बाद ईद उल अजहा का त्योहार आता है। ईद उल फितर की तरह ही इस ईद की भी अलग अहमियत है। ईद उल अजहा इस साल बकरीद ईद 17 जून को मनाई जा रही है। इस दिन लोग खुशियां बांटते हुए मनाते हैं।

इस त्योहार पर नए कपड़े पहनने का रिवाज है। लड़कियां तो इसकी तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं। लेकिन लड़के अपनी व्यस्तताओं के चलते वक्त से पहले ड्रेसिंग सेंस पर ध्यान नहीं दे पाते। अगर आप भी इस बार ईद के दिन अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाना चाहते हैं, तो कुछ अभिनेताओं के लुक्स देख सकते हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप ईद के दिन तैयार हो सकते हैं।



### करण सिंह ग्रोवर

टीवी की दुनिया से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले करण सिंह ग्रोवर का हर अंदाज लोगों को काफी पसंद आता है। अगर आप ईद के दिन एथनिक पहनने का सोच रहे हैं तो करण के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। बंद गले वाले इस कुर्ते के साथ चूड़ीदार पायजामा भी अच्छा लगेगा।

### शोएब इब्राहिम

टीवी के साथ-साथ यूट्यूब की दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने वाले शोएब का एथनिक अंदाज काफी क्लासी रहता है। उनका ये ब्लैक रंग का मिरर वर्क वाला कुर्ता पायजामा देखने में काफी अच्छा लग रहा है। इसके साथ शोएब की तरह ही दुपट्टा जरूर कैरी करें।

### विक्की कौशल

अगर कुछ रॉयल पहनने का सोच रहे हैं तो विक्की कौशल का ये लुक आपके लिए परफेक्ट रहेगा। इसके साथ आप भी विक्की की तरह ही हैवी दुपट्टा या शॉल कैरी करें। गर्मियों में पहनने के लिए अलग तरीके की शॉल आती है, जो आपके लुक को अलग दिखने में मदद करेगी।

### मोहसिन खान

अपनी क्यूटनेस से लोगों का दिल जीतने वाले मोहसिन का एथनिक अंदाज काफी अच्छा रहता है। आप ईद के लिए उनके इस लुक से टिप्स ले सकती हैं।

इसके लिए आपको बस व्हाइट कुर्ते और पायजामे के साथ ब्लू रंग की जैकेट कैरी करनी है।

# ईद के मौके पर हाथों पर सजाएं मेहंदी की बेमिसाल डिजाइंस

ईदुल अजहा के मौके पर अगर हाथों में खूबसूरत मेहंदी लगवाने की ख्वाहिश हर महिला की होती है। यहां गल्फ या अरेबिक मेहंदी डिजाइंस के बारे में आपको जरूर जान लेना चाहिए। यह डिजाइंस भी खास हैं क्योंकिक इसमें आपको गल्फ आर्ट देखने को मिल जाएगी, जो इसे अन्यत मेहंदी डिजाइंस से अलग अंदाज देती है।

### गल्फ मेहंदी आर्ट की खासियत

अरब सागर के तट पर स्थित बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में अरेबिक मेहंदी लगाने का चलन ज्यादा है। इस मेहंदी को भारतीय महिलाएं भी बहुत पसंद करती हैं। हालांकि, अरेबिक मेहंदी के अलावा अब इस क्षेत्र में अन्यइ डिजाइंस को भी पसंद किया जा रहा है। जिसमें इस्लामिक इमारतों के आर्किटेक्ट डिजाइंस को शामिल किया जाता है। मेहंदी आर्टिस्ट की हेंडराइटिंग अच्छी है तो आप उससे हाथों पर मेहंदी के कोन से ईद उल अजहा अंग्रेजी, हिंदी या उर्दू भाषा में लिखवा सकती हैं। इससे आपकी मेहंदी का त्योहार के लिहाज से महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाएगा। इस तरह की मेहंदी पूरी तरह से फेस्टिवल सेंट्रिक हो जाएगी।




### बेल मेहंदी डिजाइन

बेल में आपको कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे, लेकिन बकरीद के खास मौके पर आप इस तरह से एक की जगह 2 उंगलियों पर गल्फ डिजाइन वाली मेहंदी आर्ट बनवा सकती हैं। इसमें ज्यादातर फूल और पत्तियों के डिजाइन को पसंद किया जाता है।

# लंबे चेहरे वाली लड़कियां ट्राई करें ट्रेंडी हेयर स्टाइल, दिखेंगी खूबसूरत

अगर आपका फेस लंबा है तो इसके लिए आप यहां बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं और परफेक्ट लग सकती हैं।

### ओपन हेयर स्टाइल

कई बार ऐसा होता है कि हम जल्दी में कोई भी हेयर स्टाइल बना लेते हैं। लेकिन अब ऐसे न करें। क्योंकि जो भी आपका फेस कट अगर आप उसके हिसाब से हेयर स्टाइल बनाएंगी तो बिल्कुल अलग नजर आएंगी। ऐसे में अगर आपका फेस लंबा है तो आप ओपन कर्ल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको बालों को मशीन से कर्ल करना है फिर इन्हें स्प्रे से सेट करना है। ऐसे आपका हेयर स्टाइल बनकर रेडी हो जाएगा। आप चाहे तो हेयर स्टाइल बनाने के बाद फैंसी एक्सेसरीज एड कर सकती हैं।

### स्लीक बन हेयर स्टाइल

स्लीक बन हेयर स्टाइल आजकल हर कोई बनाना पसंद करता है। आप भी इन्हें बना सकती हैं। लंबे फेस वाली लड़कियों पर ये हेयर स्टाइल (ट्राई करें ये 5 हेयरस्टाइल) काफी क्लासी लगते हैं। इसकी खास बात ये होती है इस बन को बनाने के काफी कम समय लगता है। इसके लिए पहले आपको अपने बालों को स्ट्रेट करना है।



### पोनीटेल हेयर स्टाइल

अगर आप क्लासी लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए आप पोनीटेल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल (पतले बालों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल) लंबे फेस वाली लड़कियों पर काफी अच्छे लगते हैं।

## कार्नर न्यूज

## कई बार जल्दबाजी तो कई बार अंजाने में हो जाती हैं गलतियां, ध्यान देना जरूरी

# स्किन केयर से जुड़ी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं


जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

### हर चीज के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।

### आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली। शेविंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।



### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### एसपीएफ का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ) 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।





# दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं वरुण

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन पत्नी नताशा दलाल और नन्हीं बेटी के साथ दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने घर ढूंढ लिया है। वैसे वह कोई नया घर नहीं खरीद रहे हैं बल्कि उन्होंने किराए के घर में रहने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण धवन ने मुंबई के जुहू एरिया में किराए पर एक सी-फेसिंग अपार्टमेंट लिया है, जहां वह पत्नी नताशा दलाल और अपनी नन्ही परी के साथ शिफ्ट होने वाले हैं। यह अपार्टमेंट किसी और का नहीं बल्कि ऋतिक रोशन का है। इसी बिल्डिंग में अक्षय कुमार और साजिद नाडियाडवाला भी रहते हैं। इस तरह दोनों वरुण धवन के पड़ोसी होंगे।

लाइफ Style




# सोनम
## कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर

पंजाबी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस सोनम बाजवा चाहती है कि उनकी और सिंगर, एक्टर एमी विर्क की जोड़ी बॉलीवुड की फेमस जोड़ी शाहरुख खान और काजोल जैसा जादू स्क्रीन पर पैदा करे। सोनम और एमी विर्क की अपकमिंग फिल्म क्रॉस-कल्चरल फिल्म कुड़ी हरियाणा वल दी जल्द रिलीज होने को है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा कि जब भी वह दोनों साथ काम करते हैं तो स्क्रीन पर ताजगी आ जाती है। एमी के साथ पुवाड़ा, निक्का जैलदार जैसी फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस ने बताया, कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती है। अगर कहानी और किरदार अलग हैं, तो आप अपने आप ही स्क्रीन पर ताजगी ला पाएंगे। उन्होंने कहा, लोग उनकी (सोनम बाजवा और एमी विर्क) जोड़ी को पसंद करते हैं। हमारे प्रशंसकों में भी हमको लेकर उत्साह है। सोनम ने बताया कि वे विषय और कहानी के बारे में सोचते हैं और फिल्म में अपने आप ही ताजगी आ जाती है। एक्ट्रेस ने बताया, हमने कई फिल्मों में काम किया है मगर जो हमने कुड़ी हरियाणे वल दी में किया है वह अलग है। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अगर किरदार अलग हैं, तो कलाकार भी अलग तरह से काम करेंगे। हरियाणवी जाटनी का डी-ग्लैम लुक निभाने में किसी तरह की हिचकिचाहट के बारे में सोनम ने कहा कि इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं है, मुझे इस पर गर्व है कि हमारे देश की लड़कियां कैसी दिखती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मैं आउटफिट की बात करूं तो सूट पंजाब और हरियाणा दोनों में पहना जाता है।

हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विनिंग का बनेंगे हिस्सा

**लॉस एंजिलस।** अभिनेता माइल्स टेलर के प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। टेलर ने पैरामाउंट पिक्चर्स की 1982 की क्लासिक फिल्म 'एन ऑफिसर एंड अ जेंटलमैन' के आधुनिक संस्करण से जुड़ने का फैसला किया है। फिल्म में अभिनेता अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाते नजर आएंगे। 37 वर्षीय अभिनेता को इस रोमांटिक ड्रामा में मूल फिल्म में रिचर्ड गेरे के जरिए निभाए गए किरदार जैक मेयो की भूमिका में देखा जाएगा।




# प्रियंका के जेठ केविन को हुआ स्किन कैंसर

**लॉस एंजिलस।** बॉलीवुड से हॉलीवुड पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा निक जोनस से शादी के बाद वो जोनस फैमिली के साथ वक्त बिताती हैं। हाल में ही उनकी जोनस फैमिली से एक बुरी खबर सामने आई। दरअसल प्रियंका चोपड़ा के जेठ को स्किन कैंसर हो गया, जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। हाल ही में गायक और प्रियंका चोपड़ा के जेठ केविन जोनास ने सुर्खियों में आ गए हैं क्योंकि उन्हें एक मस्से के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जब सिंगर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उन्हें स्किन कैंसर हो गया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया है और सर्जरी का बिफोर एंड आफ्टर वाला वीडियो भी बताया।



# 'दलदल' में बनेंगी पुलिस अफसर


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनकर अपनी आने वाली वेबसीरीज दलदल में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर जल्द ही वेबसीरीज 'दलदल' में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने बताया कि 'दलदल' एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जो एक महिला होने के सभी गुणों को समेटे हुए है। रीता एक सुपर अचीवर, एक ग्लास-सीलिंग ब्रेकर और पुरुषों की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली महिला है। भूमि पेडनेकर ने कहा कि वेबसीरीज दलदल का रोल बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है।




# 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज टली

**मुंबई।** अक्षय कुमार के प्रशंसक लंबे समय से उनके कॉमेडी अवतार में लौटने का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता ने अपनी मशहूर कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'वेलकम' की तीसरी किस्त 'वेलकम टू द जंगल' का ऐलान कर उन्हें तोहफा दिया था। यह फिल्म इस साल 20 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब एक ऐसी चर्चा चल पड़ी है, जिसे सुनकर प्रशंसक मायूस हो सकते हैं। दरअसल, खबर है कि इस फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिरोज नाडियाडवाला फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने जा रहे हैं। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया, 'वेलकम टू द जंगल' को बड़े पैमाने पर बनाया गया है, जिसका पहला शेड्यूल हाल ही में मई में पूरा हुआ है। महाराष्ट्र में इसकी शूटिंग काफी लंबी चली, जिसमें पूरी स्टारकास्ट मौजूद थी।

टीवी मसाला



# 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की कुर्सी संभालेंगी करिश्मा...

**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शोज को लेकर भी दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को अपने शो की ओर आकर्षित करने के लिए निर्माता भी नए-नए पैंतरे अपनाते रहते हैं। अब खबर है कि करिश्मा कपूर को 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खुद करिश्मा भी शो से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।

***मलाइका, सोनाली के बाद करिश्मा करेंगी जज :*** रिपोर्ट के मुताबिक, करिश्मा डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के चौथे सीजन में जज की भूमिका निभाने वाली हैं। उन्होंने शो में सोनाली बेंद्रे की जगह ली है। शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा को शामिल किया गया था। सूत्र के मुताबिक, निर्माता इस बार एक नई बॉलीवुड अभिनेत्री की तलाश में थे। करिश्मा न सिर्फ एक बेहतरीन डांसर रही हैं, बल्कि प्रशंसकों के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी जबरदस्त है।

***शो से जुड़कर खुश हैं करिश्मा :*** सूत्र ने यह भी बताया कि करिश्मा के पास जब इस शो को जज करने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने इसके लिए फौरन रजामंदी दे दी। करिश्मा इस शो की शुरू से ही प्रशंसक रही हैं। इसी वजह से उन्होंने इसके लिए हां कहने में देर नहीं लगाई। दिलचस्प बात यह है कि करिश्मा पहले ही इस शो से गेस्ट जज के रूप में पहले जुड़ चुकी हैं। टेरेंस लुईस और गीता कपूर जज पैनल में उनके साथ दिखाई देंगी।

### 2020 में आया था शो का पहला सीजन

'इंडियाज बेस्ट डांसर' फ्रेम्स प्रोडक्शन इंडिया के बैनर तले बना एक लोकप्रिय रिएलिटी शो है। इसके पहला सीजन 2020 में आया था और दूसरे सीजन की शुरुआत 16 अक्टूबर, 2021 में हुई थी। शो के पहले सीजन के विजेता हरियाणा के टाइगर पॉप थे। सौम्या कांबले ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर 2' की ट्रॉफी अपने नाम की थी और तीसरे सीजन के विजेता समर्पण लामा थे। 30 सितंबर, 2023 को तीसरे सीजन का फिनाले हुआ था।

### करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में आएंगी नजर

करिश्मा ने 'कुली नंबर 1' से लेकर 'राजा हिन्दुस्तानी' और 'दिल तो पागल है' से लेकर 'अंदाज अपना अपना' जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया है। पिछली बार करिश्मा फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब जल्द ही करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आएंगी, जिसमें वह एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने वाली हैं। उनके किरदार का नाम रीता 'ब्राउन' है। इसके लिए उन्होंने बंगाली भाषा भी सीखी है।

# सलमान ही नहीं, इन बॉलीवुड सितारों ने भी फरमाया पाकिस्तानियों से इश्क

*__मुंबई।__ कहावत है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। ये केवल किताबों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि हमें असल जिंदगी में भी देखने को मिली है। भारत और पाकिस्तान के बीच उलझे संबंधों की सीमा को पार कर बहुत से बॉलीवुड सितारों ने पाकिस्तानी हस्तियों से इश्क फरमाया है। आज हम आपको ऐसे बॉलीवुड सितारों से मिलवाएंगे, जिनका रिश्ता पाकिस्तानियों से रहा है।*

***सलमान और सुष्मिता सेन :*** *सलमान का पाकिस्तानी अदाकारा सोमी अली के साथ रिश्ता खूब चर्चा बटोरता है। सोमी, सलमान की वजह से ही भारत आई थीं। वह सलमान के साथ 8 साल तक रिश्ते में रही थीं। हालांकि, फिर दोनों का ब्रेकअप हो गया था। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर वसीम अकरम और सुष्मिता सेन का रिश्ता एक समय चर्चा का विषय था। वे 2008 में रियलिटी शो 'एक खिलाड़ी एक हसीना' पर मिले थे। ऐसी अफवाहें भी उड़ी थीं कि दोनों शादी रचाने वाले हैं।*



***रेखा और जीनत अमान :*** *पाकिस्तानी क्रिकेट टीम जब 1970 के दशक में भारत दौरे पर आई थी, तब पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान को दिल दे बैठे थे। हालांकि, उनका रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला था। इमरान के बारे में यह भी अफवाह थी कि उनका मशहूर अदाकारा रेखा के साथ भी रिश्ता था। 1985 में, रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे एक-दूसरे के करीब थे और शादी करने की योजना बना रहे थे।*



***रीना रॉय और अश्मित पटेल :*** *रीना रॉय ने 1983 में पाकिस्तानी क्रिकेटर और अभिनेता मोहसिन खान से शादी की थी। दोनों की एक बेटी है जिसका नाम सनम खान है। हालांकि, 1990 में उनका तलाक हो गया था। पाकिस्तानी अदाकारा वीना मलिक ने बिग बॉस में आकर खूब सुर्खियां बटोरीं थीं और इसका एक बड़ा कारण भारतीय अभिनेता अश्मित पटेल थे। रियलिटी शो में इनके रिश्ते ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।*



***अमृता अरोड़ा और अमृता राव :*** *अभिनेत्री अमृता अरोड़ा का पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान अफजल के साथ रिश्ता था। दोनों ने अपना रिश्ता सार्वजनिक रखा था। हालांकि, रिश्ते में दूरी के चलते वे अलग हो गए थे। अमृता राव ने कथित तौर पर 2008 में पाकिस्तानी संगीतकार फरहान सईद को डेट किया था।*

# फिल्म फेस्टिवल में एकलव्य की 'सरनेम' को दो अवार्ड ...



**मुंबई।** हिमाचल के जिला कांगड़ा को गुजरात में बड़ा सम्मान मिला है। अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'सरनेम' शार्ट फिल्म को दो अवार्ड मिले हैं। बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड मिलने से फिल्म निर्माताओं की बांछे खिल गई हैं। जिला कांगड़ा से ताल्लुक रखने वाले एकलव्य सेन की शार्ट फिल्म 'सरनेम' एक बार फिर सुर्खियों में है। 'सरनेम' ने दो नॉमिनेशन हासिल किए थे। इसमें बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस का अवार्ड समायरा को मिला, जिन्होंने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई थी। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड कुलदीप सिंह को मिला, जो कि खुद भी फिल्म निर्देशन का कार्य करते हैं। 'सरनेम' शार्ट फिल्म अभी तक 29 फिल्म फेस्टिवल में चयनित हो चुकी है।

## 16 जून को मिथुन दा ने मनाया 74वां जन्मदिन, 'मृगया' से मिली बॉलीवुड में पहचान

# मिथुन दा एक्टर से पहले थे नक्सली, कचरे के ढेर में मिली थी बेटी

*__मुंबई।__ बॉलीवुड में कई ऐसे कलाकार हुए, जिन्होंने अपनी काबिलियत और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया। मिथुन चक्रवर्ती भी उन्हीं कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने हुनर से हिंदी सिनेमा में अपना सिक्का जमाया और कई यादगार फिल्में देकर दर्शकों के बीच अपनी एक खास जगह बनाई। आज यानी 16 जून को मिथुन दा अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं। आपको मालूम होना चाहिए कि मिथुन चक्रवर्ती एक्टर बनने से पहले नक्सली थे।*



### फिल्मों में आने से पहले थे नक्सली

कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन करने के बाद मिथुन का झुकाव नक्सलवाद की तरफ हो गया था। वो परिवार छोड़ नक्सलियों के साथ रहने लगे थे। उसी बीच एक दुर्घटना में उनके भाई की मौत हो गई। वह अपने परिवार के पास वापस आ गए और नक्सली दुनिया छोड़ दी। उधर सांवले रंग के चलते मिथुन संग कोई बड़ी हीरोइन काम करने को तैयार नहीं थीं। मिथुन का नाम सामने आते ही वो फिल्म से बाहर हो जाती थीं।

### फुटपाथ पर बिताए दिन

मिथुन ने बताया था कि उन्होंने अपना काफी वक्त फुटपाथ पर सोते हुए बिता दिया। कई-कई दिन तो वह भूखे पेट ही सोते थे और रोते थे। कई दिन तो ऐसा होता था, जब उन्हें सोचना पड़ता था कि अगले दिन का खाना कैसे मिलेगा और वह कहां जाकर सोएंगे। पैसे कमाने के लिए जब उन्हें कुछ नहीं सूझा तो मिथुन ने अपनी प्रतिभा की तरफ रुख किया। वह बड़ी पार्टियों में डांस करके रोजी-रोटी चलाते थे।

### कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी बेटी

मिथुन के 3 बेटे और 1 बेटी हैं। बेटी दिशानी को उन्होंने गोद लिया था। दिशानी को गोद लिए जाने की कहानी भी बड़ी भावुक है। दरअसल, मिथुन को दिशानी एक कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी। उस बच्ची को एनजीओ ने बचाया और अपने पास सुरक्षित रखा। वह उस वक्त नाजुक हालत में थी। जैसे ही मिथुन को इस बारे में पता चला, वह तुरंत उससे मिलने पहुंचे और तब उन्होंने उस बच्ची को गोद ले लिया था।



### हेलन के असिस्टेंट थे मिथुन

शुरुआती दौर में जब मिथुन काम की तलाश में मायानगरी मुंबई पहुंचे तो उन्हें कोई काम देने के लिए तैयार नहीं था। वह काम की तलाश में दर-दर भटकते रहे। फिर उन्हें बाद में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हेलन का असिस्टेंट बनने का मौका मिला। इसके बाद वह धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया से जुड़ते चले गए। यहां से उनकी गाड़ी निकल पड़ी। उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-छोटे किरदार निभाए। सालों इंतजार के बाद मिथुन को 'मृगया' से बॉलीवुड में पहचान मिली।

### ...जब भूख के मारे नहीं निकली आवाज

मिथुन दा ने बताया कि कई बार हुआ, जब मिथुन ने भूखे पेट रातें गुजारीं। 'मृगया' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद जब एक पत्रकार उनका इंटरव्यू लेने पहुंचा तो भूख के मारे उनकी आवाज नहीं निकल रही थी। उन्होंने उससे कहा कि पहले खाना खिलाओ फिर इंटरव्यू देंगे।

**खबर संक्षेप**

## डाकघर के संभागीय कार्यालय में रक्तदान

**रायगढ़।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर कार्यालय अधीक्षक डाकघर रायगढ़ द्वारा संभागीय कार्यालय कोतरा रोड, रायगढ़ में सेवा ब्लड बैंक एवं चिकित्सक टीम रायगढ़ के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नरेन्द्र कुमार राजपाल अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग द्वारा किया गया। इस दौरान छबिलाल पटेल, सुमन एक्का, मोहम्मद नियाजुद्दीन, रमेश कुमार देवांगन तथा संभागीय कार्यालय व प्रधान डाकघर रायगढ़ के कर्मचारीगणों ने रक्तदान किया। इस दौरान सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में डाक सुविधा का लाभ लेने के लिए पहुंचे ग्राहकों को भी जागरूक किया गया।

## पूर्व पेंशन लंबित न होने प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें

**रायगढ़।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित करते हुए कहा कि माह जून 2024 का वेतन देयक संबंधित कार्यालय प्रमुख से पेंशन प्रकरण लंबित नहीं होने का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त होने पर ही कार्यालय प्रमुख का वेतन पारित किया जाएगा। उक्त जानकारी एमएसएक्सेल में तैयार कर सॉफ्टकापी एवं हार्डकापी में वरिष्ठ कोषालय कार्यालय रायगढ़ में उपलब्ध करायें। जिससे वांछित जानकारी संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर को प्रेषित किया जा सके।

## लाइफस्टाइल पर शुरू सीजन की बड़ी सेल

**रायगढ़।** भारत के अग्रणी फैशन डेस्टिनेशंस में से एक लाईफस्टाईल पर सीजन की सबसे बड़ी सेल शुरू इस सेल में शपर्स को टप फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। प्रमुख नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स और फैशन विकल्पों के विशाल कलेक्शन के साथ इस लाईफस्टाईल सेल में फैशन प्रेमियों को अपनी वर्डरोब के लिए अनेकों विकल्प मिलेंगे। इस लाईफस्टाईल कलेक्शन में स्प्रिंग समर के सर्वश्रेष्ठ परिधान शामिल हैं जिनमें फ्लोरल प्रिंट्स और पैस्टल ह्यू का आधिक्य है। इसके स्टाईलिश संग्रह में महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग शिफली और क्रोशे ड्रेसए विंटेज ब्लूम को अर्ड सेट स्टाईलिश डेनिम ट्रेंड्स और पुरुषों के लिए प्रिंटेड शर्ट की विशाल श्रृंखला, अल न्यू लूज फिट पैंट एवं आकर्षक टी शर्ट बेहतरीन डिस्काउंट के साथ मिल रहे हैं। यहाँ आकर फैशनप्रेमियों को गर्मी में भी अपना कूल लुक बनाए रखने का तरीका मिलेगा। लाईफस्टाईल की सेल में ट्रेंड सेटर 100 से ज्यादा नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के नए ट्रेंड्स की शपिंग करने का बेहतरीन अवसर पाएंगे। इन ब्रांड्स में मेलांज, जिंजर, फोरका, कोड, एंड, बीबा, ग्लोबल देसी, जैक एंड जोन्स, इंडियन टेरेन, लरिआल आदि शामिल हैं।

## देश को खिलौना का हब बनाने की तैयारी

**रायगढ़।** खिलौना निर्यात हब के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को मजबूती देते हुए भारत के घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग से हाथ मिलाया है। फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर खिलौना आपूर्ति उद्योग में भारत की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में घरेलू विनिर्माताओं के कौशल विकास पर जोर दिया गया, जिससे वे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करने वाले इनोवेटिव एवं उच्च गुणवत्ता के खिलौने बनाने में सक्षम हो सकें। खिलौनों के मामले में भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार ने कई रणनीतिक पहल की हैं। नेशनल एक्शन प्लान फॉर ट्वायज एनएपीटी के रूप में व्यापक नीति तैयार करना इसी दिशा में एक पहल है। एनएपीटी के तहत मुख्य पहल का उद्देश्य गुणवत्ता में सुधार, नवोन्मे और बाजार में विस्तार के माध्यम से भारतीय खिलौना उद्योग को नई ऊंचाई पर पहुंचाना है।

### धरमजयगढ़ थाने में दर्ज हुई शिकायत

# फेसबुक पर शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर 41 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में शेयर बाजार में पैसा लगाकर मुनाफा कमाने के फेर में एक शख्स 41 लाख रुपए से अधिक की ठगी का शिकार हुआ है। एक फेसबुक लिंक के जरिए पीड़ित का परिचय आरोपियों से हुआ। जिसके बाद शेयर मार्केट से लाभ लेने के लिए पीड़ित ने धीरे धीरे कर 41 लाख से अधिक रुपए गवां दिए। स्थानीय पुलिस की प्राथमिक जांच में कथित शेयर मार्केट फर्जी निकला है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले में एक आरोपी ने विदेश से इस पूरे फ्रॉड को अंजाम दिया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में आरोपियों में से एक का नंबर विदेशी पाया गया है। लाखों रुपए की धोखाधड़ी के इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ़ आईपीसी की धारा 34 एवं धारा 420 का मामला दर्ज कर आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है। यह सनसनीखेज मामला जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सामने आया है। इस मामले के बारे में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी आनंद अग्रवाल नामक एक व्यक्ति ने कथित तौर पर फेसबुक पर उपलब्ध एक लिंक से शेयर मार्केट में पैसा लगाया। उस पर करीब 32 लाख खपाने के बाद पीड़ित ने फेसबुक पर उपलब्ध एक अन्य कथित शेयर मार्केट लिंक पर जाकर फिर से लाखों रुपए लगा दिए। अधिकारी ने बताया कि ट्रेस करने पर पता चला है कि आरोपी ने विदेश से इस कांड को अंजाम दिया है।

पीड़ित के अकाउंट में करोड़ों का इनकम दिख रहा है लेकिन उसे निकालने के लिए आरोपियों द्वारा 60 लाख रुपए और जमा करने की बात कही जा रही है। अब जाकर प्रार्थी को अपने ठगे जाने का अहसास हुआ है। जिसके बाद उसने पुलिस को इस मामले की सूचना दी है।




### क्राइम ब्रांच करेगी जांच : अधिकारी

इस संबंध में धरमजयगढ़ थाना प्रभारी कमला पुसाम ने बताया कि कुल मिलाकर 41 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। दो अलग अलग फर्जी लिंक से इस वारदात की कड़ी जुड़ रही है। उन्होने बताया कि जांच में आरोपी का नंबर विदेशी पाया गया है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले को आगे साइबर क्राइम ब्रांच हैंडल करेगी।

## जनरेटर बेचने की फर्जी पोस्ट शेयर कर 20 हजार की ठगी



जिला सक्ती निवासी शैलेंद्र कुमार कुर्रे द्वारा व्हाटसएप ग्रुप में जनरेटर बेचने के नाम पर फेक पोस्ट शेयर कर खरसिया के लीलेश कुमार पटेल के साथ 20 हजार रूपये की ठगी की गई। लीलेश पटेल की शिकायत पर खरसिया पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते आरोपी शैलेंद्र कुमार कुर्रे को धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। ठगी को लेकर कल थाना खरसिया में पीड़ति लीलेश कुमार पटेल पिता लखन लाल पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी चपले द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि किसी व्यक्ति द्वारा रायगढ़ डी जे वालो का वाटसअप ग्रुप बनाया है जिसमे पिछले 8 माह से जुडा है। 23 मई को शैलेंद्र कुर्रे दवारा ग्रुप में एक जनरेटर का फोटो शेयर कर बेचने का जिक्र किया गया था। जनरेटर खरीदी की इच्छा जाहिर कर शैलेन्द्र से संपर्क किया जो अपने आप को शिवरीनारायण का रहने वाला बताया, जनरेटर का सौदा 60 हजार रुपए में तय हुआ जिसे लेने शैलेन्द्र शिवरीनारायण बुलाया और 20 हजार रुपए एडवांस ट्रांजेक्शन से बैंक खाते में प्राप्त कर लिया। जब लीलेश जनरेटर लेने शिवरीनारायण गया तो 4.5 घंटे, शैलेन्द्र इधर उधर गलत पते पर भटकाते रहा और फिर अपना मोबाईल स्वीच आफ कर लिया।



## नौघटा में 30 लाख के कार्यों का ओपी ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य और कलेक्टर धर्मेश साहू की उपस्थिति में बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवघटा में 30 लाख के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिसमें लाइब्रेरी भवन निर्माण, बाजार रोड निर्माण सह कांक्रीटीकरण, तालाब सौंदर्यीकरण आदि शामिल है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जगन्नाथ पाणिग्रही एवं विजय अग्रवाल सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में ओपी चौधरी ने निर्माण कार्यो का पूजा अर्चना के साथ फीता काटा गया। नवघटा के ग्रामीण मंत्री ओपी चौधरी को अपने बीच पाकर गदगद हुए।

इस कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा के महत्व को समझना जरूरी है। बच्चों को समझाना जरूरी है। साथ ही ये माता पिता को भी समझना जरूरी है। अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा देंगे तो एक नहीं सैकड़ों ये ओपी चौधरीए कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर, इंजीनियर, मंत्री बनेंगे। हम लोगों को ही यह करना है। महिलाओं को उन्होंने कहा कि दीदी और बहनों को विशेष रूप से निवेदन करना चाहता हूं कि अपने बच्चे को जरूर पढ़ाएं। श्री चौधरी ने कहा कि युवा डायनेमिक सरपंच को भी मैं विशेष रूप से बधाई और शुभकामना देता हूं इतना अच्छा काम उन्होंने हमारी सरकार बनने के बाद 6 महीने की भीतर करके दिखाया है। हमने स्वीकृत किया था। उसकी क्वालिटी के साथ उन्होंने जल्दी पूर्ण किया है। सरकार चाहती है कि नौघटा सरपंच गजपति डनसेना जैसा हर कोई विकास कार्य करके आगे बढे। इसके लिए कोई कमीशन देने की आवश्यकता नहीं है। हम पूरी ईमानदारी से प्रयास करेंगे तो क्षेत्र का विकास होना निश्चित है।समय पर पूर्ण किया है और क्वालिटी के साथ पूरा किया है। इसके लिए भी मैं उनको बधाई देता हूं। नौघटा से पिहरा की सड़क के लिए 4 करोड़ स्वीकृति किया गया है जिससे एक साल के भीतर उसका भी लोकार्पण आप सभी की उपस्थिति में किया जाएगा। राज्य सरकार ने 31 सौ रूपये में धान खरीदने का वायदा को तीन महीने में पूर्ण कर लिया। साथ ही माता बहनों को महतारी वंदन योजना के माध्यम से उन्हें मजबूत करने में लगा है। इस अवसर पर एस डी एम अनिकेत साहू, पंचायत अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ अवधेश पाणिग्राही, तहसीलदार शनि पैकरा एवं अन्य प्रशासनिक अमला मौजूद रहे। परदेशी प्रधान, राधामोहन पाणिग्राही, कैलाश पण्डाएजिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, जुगल किशोर अग्रवाल, मुरारी नायक एस्वप्निल स्वर्णकार अरुण सराफ, सरपंच गजपति डनसेना, दशरथ साहूए गोविंद अग्रवाल, सेवक राम पटेल, जनपद पूर्व उपाध्यक्ष रामकुमार नायक आदि उपस्थित थे।

## तहसीलदार से मारपीट के आरोपी के घर की हुई नाप जोख

**रायगढ।** शहर के अतरमुडा क्षेत्र में चार दिन पहले हुई तहसीलदार से मारपीट मामले में अब प्रशासन ने आरोपी के घर की नाप जोख शुरु कर दी है।

शुक्रवार को आरआई और पटवारियों की टीम को गौरीशंकर शर्मा के मकान की जांच करने भेजा गया। पट्टे के हिसाब से बने मकान की नापजोख की गई। यह देखा गया कि पट्टा कितने वर्गफुट का है और निर्माण कितने में हुआ। बताया जा रहा है कि मकान के सामने आ हिस्सा अतिक्रमण करके बनाया गया है। संभवतरू अब इसे तोडऩे का आदेश दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते गुरुवार शाम को जिला पंचायत के पीछे गली में एक युवक ने तहसीलदार लोमस मिरी से अभद्रता करते हुए मारपीट की थी। इस दौरान उनकी पत्नी से भी बदतमीजी की गई। कार बैक करने के दौरान युवक राजा शर्मा की स्कूटी गिर गई। गाड़ी को उठाने की बात पर कहासुनी हो गई जो गंभीर विवाद में बदल गया। युवक ने तहसीलदार से हुज्जत की और मारपीट की। उनकी पत्नी के हाथ से मोबाइल भी छीन लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम प्रवीण तिवारी कई कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। चक्रधर नगर थाने में आईपीसी की धारा 294,2,4,54,506 और एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी युवक को पुलिस ने गुरुवार शाम करीब सात बजे ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में अब प्रशासन ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि प्रशासन की इस कार्रवाई पर कहीं कहीं विरोध के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं।

## रेत के अवैध परिवहन में संलग्न दो ट्रैक्टर जब्त



**सारंगढ़।** जिले के खनिज विभाग की जांच टीम ने बिलाईगढ़ क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेत के अवैध परिवहन में शामिल 02 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना भटगांव के सुपुर्दगी में दिया गया। इसके आगे की कार्यवाही छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी। अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगा। खनिज जांच टीम में दीपक पटेल, अनुराग नंद आदि शामिल थे।

## गुम हुए बालक को साइबर सेल ने मां से मिलाया

**रायगढ़।** शुक्रवार की शाम स्थानीय महिला ने साइबर सेल आकर साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय को बताया कि उसका बेटा सुबह से बिना बताए कहीं चला गया है, इतनी देर तक कभी बाहर नहीं रहता।

महिला को परेशान और चिंतित देख डीएसपी अभिनव ने जल्द उनके को ढूंढ निकाले का आश्वासन दिये और एसपी दिव्यांग पटेल को संपूर्ण वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पश्चात बिना वक्त गंवाये साइबर सेल ने गुम युवक का मोबाइल डिटेल पर उसका लोकेशन ट्रेस किया गया जो दुर्ग था। डीएसपी अभिनव ने साइबर सेल दुर्ग के प्रभारी को संपर्क कर गुम युवक की पतासाजी में सहयोग हेतु कहा गया करीब 10 मिनट के भीतर ही साइबर सेल दुर्ग ने युवक को अपने कब्जे में लिये और साइबर सेल रायगढ़ के पुलिसकर्मियों से बात कराए। गुम युवक की मां वहां खड़ी यह सब देख रही थी, जिसके बाद वो चिंता मुक्त हो गई। आज महिला गुम युवक और घर के सदस्यगण जिला पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित करने मिठाई लेकर साइबर सेल आए। महिला ने बताया कि उनकर लड़का 12वीं के बाद आईआईटी की तैयारी कर रहा है।



## 40 दिवसीय निशुल्क कोचिंग का समापन

**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के तत्वाधान में आयोजित निः शुल्क चालीस दिवसीय कोचिंग समाप्त हुआ। समापन आयोजन बनोरा आश्रम में ट्रस्टी मदन दिनेश कलानोरिया एवम जगदीश अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ इस दौरान कोचिंग देने वाले शिक्षको एवम 150 छात्र छात्राएं मौजूद रहे। सर्वप्रथम अघोरेश्वर के तैल चित्र में माल्यार्पण के बाद प्रार्थना हुई इसके बाद छात्र छात्राओं ने चालीस दिवसीय कोचिंग के संबंध में विचार रखे। मई माह के प्रथम सप्ताह में यह कोचिंग प्रियदर्शी राम के मुख्य आतिथ्य एवम वित्त मंत्री ओपी चौधरी के आतिथ्य में शुरू हुई थी। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले 10 एवं 12 वी के विद्यार्थियों के लिए चालीस दिवसीय ग्रीष्म कालीन अवकाश में विशेषज्ञ शिक्षको के जरिए निः शुल्क कोचिंग शुरू की गई थी।

# फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर शिक्षा विभाग में 13 साल से पदस्थ शिक्षक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के ग्राम कटेली में निजी दस्तावेजों में कूट रचना कारित कर शासकीय हाई स्कूल सोन मस्तूरी जिला बिलासपुर मे पिछले 13 सालों से वर्ग 1 शिक्षक के पद पर नवरतन जायसवाल पिता सुखदेव जायसवाल के पदस्थ होने की जानकारी प्राप्त हो रही है। इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई है।

सूत्रों से जानकारी अनुसार नवरतन कि नियुक्ति 27 जून 2011 को हुई है। जिसमे प्रस्तुत आवेदन की कड़िका 3 के अनुसार जनवरी 2001 की स्थिति में 2 से अधिक जन्म व जीवित संतान नही होना था जिसे छुपाया गया। जिसकी जानकारी सम्बन्धित विभाग होने पर नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर धोखाधड़ी का मामला दायर की जा सकेगी, जबकि नवरतन के चार संतान है. भारती, हरिश, ज्योति का जन्म वर्ष 2002, उदय का जन्म वर्ष 2004 को हुआ है, जिनके दाखिल खारिज पंजी संलग्न की गई है। नवरतन ने नौकरी पाने की लालच मे फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र भी स्वयं से कुटरचित बनाया, जिसकी फर्जी होने की पुष्टि स्व.लखीराम स्मृति जिला चिकित्सालय रायगढ़ के द्वारा कर दी गई है, आपको बता दें वर्ष 2011 की आर्थिक सामाजिक जन गणना में भी नवरतन के किसी विकलांगता का जिक्र भी नही है संबंधित फर्जीवाड़ा का प्रमाण संलग्न है, जिस पर आवेदक एवं ग्रामीणों ने पुलिस थाने का रुख करने की जानकारी भी दी है। नवरतन जायसवाल फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर 13 सालों से शासन को धोखे मे रखकर नौकरी कर रहा है, नवरतन का जन्म मार्कशीट में दर्ज जन्म तारीख 07 जून 1969 अवलोकनीय है तथा इसकी नियुकी 2011 मे हुई जिससे यह साफ साफ पता चलता है की नवरतन ने अधिकारियों के मिलीभगत से 42 वर्ष की उम्र मे पदस्थापना के कृत्य को अंजाम दिया है जबकी उस समय आरक्षण व आयु सीमा 35 वर्ष रही।

इतना ही नही ये तो ऐसा फर्जी कर्ता है जो महज कुछ रुपयों की छात्रवृत्ति अपने बच्चों को दिलाने उद्देश्य से अपनी आय छुपाते हुए झूठी शपत पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत कर शासन को धोके मे रखा, जानकारी ये भी प्राप्त हो रही है की जिला कलेक्टर से लेकर मंत्रालय तक विभिन्न कार्यालय में नवरतन की शिकायत की गई है।

### की गई शिकायत

नवरतन के द्वारा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के संबंध में शिकायत एवं सूचना के अधिकार के तहत ग्रामवासी को परेशान करता है हमेशा विवाद में रहता हैं और फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र के आधार पर शिक्षा कर्मी का नौकरी कर रहा है जिसकी शिकायत समस्त ग्राम वासियों ने की है।

ईश्वर साहू
सरपंच प्रतिनिधि

## बिना रॉयल्टी रोजाना सैकड़ो गाडियो से रेत का परिवहन

**सरसींवा।** सरसींवा से 15 किलो मीटर दूर महानदी के एक तट जैतपुर जो वर्तमान सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत आता है और नदी का वर्तमान जांजगीर जिला का क्षेत्र है बता दे की महा नदी के तट करही घाट सलिहा घाट और महानदी के किनारे मैरोनी घाट से रेत माफियाओ का काम जोर शोर से चल रहा है।



ताज्जुब इस बात का है कि दोनो हि जिला जांजगीर और सारंगढ़ कुछ हि दूरी पर इस तरह यह अवैध कारोंबार आखिर किसकी सह पर खुले आम चल रहा हैएसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेत घाट पर मनमानी रेट से पैसा लिया जाता है और रात दिन बेफिक्र रेतो का परिवहन ट्रेक्टर और हाइवा से किया जा रहा है कभी कभार जाजगीर जिला प्रशासन तो कभी सारंगढ़ जिला प्रशासन एक दो गाड़ियों का चालान बना कर खानापूर्ति करती नजर आती है पर ताज्जुब इस बात का है कि यह रेत काअवैध कारोबार पिछले बरसात के बाद करीबन 7 माह से चलते आ रहा है। आखिर इस तरह कब तक चलता रहेगा सरकार के टेक्स का नुकसान।

## साले से मुलाकात करने जा रहे बहनोई की दुर्घटना में मौत

**रायगढ़।** सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटाउपाली से जल डालने वाली सडक़ दुर्घटना घटित हुई है जिसमें जेल में निरुद्ध बंदी साला से मिलने के लिए जा रहे जीजा की पिकअप की ठोकर से सडक़ दुर्घटना में मौत होने का मामला सामने आया है। जबकि दो साल की बालिका इस हादसे में चमत्कारिक रूप से सकुशल हैं। गोविंदा दास मानिकपुरी 35 वर्ष निवासी ग्राम भलोन्द्रा हैं। गोविंदा मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 4 जेडी 8135 में लेकर ग्राम सालर से सारंगढ़ जेल अपने साला से मुलाकात करने जा रहा था।

## छत पर सो रही बालिका की सर्पदंश से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेहमानी में मामा घर आए 13 वर्षीय बालिका स्वजनों के साथ छत में सोने के दौरान अज्ञात सांप के काटे जाने से मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक वर्षा सिदार पिता गोरे लाल उम्र 13 ग्राम परीपथरा थाना सारंगढ़ की रहने वाली हैं। वर्षा दो दिन पहले गर्मी के छुट्टी मनाने हरदी अपने मामा साकीराम सिदार के घर गई थी। गर्मी अधिक होने के चलते घर के सभी सदस्य रात में छत में सोते थे। वर्षा भी 14 जून की रात में छत में जमीन में बिस्तर लगाकर घर के सदस्यों के साथ सोई थी। इस बीच रात में असहनीय दर्द के चलते वह चीख पुकार मचाने लगी। जिसे सुनकर घर में मौजूद सदस्यों ने उसकी सुध ली तो देखा कि पैर में सांप के काटे जाने का निशान मिला। परिजनों ने आनन फानन में उपचार के सारंगढ अस्पताल लेकर गए लेकिन उसकी सेहत लगातार बिगड़ रही थी। ऐसे में निजी वाहन करते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के लेकर आए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बंजारा समाजः अध्यक्ष ...

गुरुनानक देव जी के तैलियचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।पूर्व अध्यक्ष व पदाधिकारी को माल्यर्पण कर सम्मानित किया गया। महिलाओं द्वारा पारंपरिक स्वागत गीत गा कर अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर समाज के दिनेश बंजारा के द्वारा सभी पदाधिकारियों को पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष शेखर बंजारा द्वारा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नव निर्वाचित सदस्यों को सामाजिक उथान के लिए समाज के हर शख्स का एक ही उद्देश्य होना चाहिए कि किस तरह समाज का विकास हो। इसके लिए बच्चों की शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय, संस्कृति को बेहतर करने की दिशा में प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में युवाओं महिलाओं को एकजुटता लाने का भरपूर प्रयास किया गया था । जिसके परिणाम स्वरूप आज समाज एक नए शिखर पर एकजुटता का परिचय दे रहा है। नए पदाधिकारी से समाज की यही उम्मीद है कि वे भी इस शिखर को नए बुलंदियों पर कायम कर समाज की दशा दिशा में निरंतर विकाशशील रहे।भूतपूर्व अध्यक्ष लालजीत बंजारा ने समाज को आगे बढ़ाने में महिलाओं का योगदान भी महत्वपूर्ण है। समाज की महिलाओं ने युवा प्रतिभाओं को हमेशा प्रेरित किया है।ओड़शिा के कनका हिमगिर से आए पंचानंद नायक ने कहा कि मतभेद और मनभेद भुलाकर समाज के सभी सदस्यों ने सामाजिक एकता दिखाई है इससे अभिभूत हूं।

### तपकरा में बन रही ...

मालिक के द्वारा ही नाली का विरोध किया गया था। इन्हीं के विरोध के चलते नाली निर्माण का काम शुरू नहीं हो पाया था और जब बारिश शुरू हुई और बारिश का पानी लोगो के घरों में घुसने लगा तब हाहाकार मच गया और बात धरना आंदोलन तक पहुंच गई थी। मामले को सुलझाने के लिए प्रशासन और पीडब्लूडी दोनो को कोई रास्ता सूझ नहीं रह है और दोनो के लिए नाली अब किसी जहमत से कम साबित नहीं हो रहा है। देखने वाली बात ये होगी कि आख़रिकार इस विवाद का हल निकल पाता है या नहीं। बसंत गुप्ता का कहना है कि जिस जमीन में कनष्ट्रक्शन कम्पनी नाली का पानी गिराने की प्लानिंग कर रहा है वो जमीन हमारी है, पानी गिरने से जमीन खराब हो जाएगा। अभी तक कोई बीच का रास्ता नहीं निकल पाया है।

